15 नहीं काटना मुझको भाई!

- परिचयात्मक प्रश्न - जो आपको लाभ पहुँचाए, आप उसका आभार मानेंगे अथवा हानि पहुँचाएँगे?
  - जो आपको जीवन दें, क्या आप उसका जीवन लेना चाहेंगे?
  - वृक्ष आपको लाभ देते है या हानि? वे आपको जीवन देते हैं या नहीं?
- प्रतिबिंब - बालकों में वृक्षों के प्रति कृतज्ञता का भाव भरना जिससे देश में उनके प्रति सकारात्मकता के भाव बने रहें।
- परिकल्पना - क्या आप जानते हैं वृक्ष देश को किस प्रकार सम्पन्न बनाते है?



नहीं काटना मुझको भाई।
मैंने तुम्हें छाँह पहुँचाई।।

सूरज जब ऊपर चढ़ जाता।
राही यहाँ बैठ सुस्ताता।।
मीठे फल वह मेरे खाता।
बदले में क्या कुछ दे जाता?

सेवा की है, करी भलाई।
नहीं काटना मुझको भाई।।

मेरी जड़ी-बूटियाँ लेकर।
बनती दवा हकीमों के घर।।
खाकर उसे ठीक हो जाते।
बूढ़े-लड़के सब सुख पाते।।

हमसे, सबमें खुशियाँ आईं।
नहीं काटना मुझको भाई।।

ठंडी हवा हमीं से चलती।
जन-जन में जीवन रस भरती।।
मुझे उगाओ अपने पास।
पूरित हो जीवन की आस।।

कण-कण में सुंदरता आई।
नहीं काटना मुझको भाई।।

शब्दार्थ

छाँह = छाया। ऊपर = आकाश में। राही = मुसाफिर, यात्री। सुस्ताता = विश्राम करता, आराम करता। हकीम = दवा करने वाला, वैद्य। जीवन रस = जीवन का आनंद। पूरित = पूर्ण। आस = आशा।

अभ्यास-कार्य

कविता से

■ **बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) सही विकल्प के सामने ✓ लगाइए:

1. कवि जिसके माध्यम से संदेश दे रहा है, वह है-
   (अ) छाया ☐ (ब) वृक्ष काटने वाला ☐ (स) वृक्ष ✓
2. मनुष्य वृक्ष की छाया में बैठकर सुस्ताता है, फल खाता है और बदले में वृक्ष को-
   (अ) कुछ नही देता ✓ (ब) सुरक्षा देता है ☐ (स) सेवा भाव देता है ☐
3. जड़ी-बूटियाँ प्राप्त होती हैं-
   (अ) नदियों से ☐ (ब) वृक्षों से ✓ (स) पर्वतों से ☐
4. जन-जन को ठंडी हवा मिलती है-
   (अ) बर्फीले पर्वतों से ☐ (ब) पर्वतों से आने वाली नदियों से ☐ (स) हरे भरे वृक्षों से ✓
5. कवि का वृक्ष के माध्यम से संदेश है कि उसे-
   (अ) काटा जाए ☐ (ब) काटा न जाए ✓ (स) खुशियाँ दीजिए। ☐

(ख) कविता की छूटी हुई पंक्तियाँ लिखिए:

1. सूरज जब ऊपर चढ़ जाता।

राही यहां बैठ सुस्ताता।

2. मेरी जड़ी-बूटियाँ लेकर।

हमसे, सबमें खुशियाँ आईं।

(ग) रेखा खींचकर कविता की परस्पर संबद्ध पंक्तियों का सुमेल कीजिए:

1. राही यहाँ बैठ सुस्ताता।	(अ) पूरित हो जीवन की आस।।
2. हमसे, सबमें खुशियाँ आईं।	(ब) मैंने तुम्हें छाँह पहुँचाई।।
3. ठंडी हवा हमीं से चलती।	(स) बनती दवा हकीमों के घर।।
4. मुझे उगाओ अपने पास।	(द) मीठे फल वह मेरे खाता।
5. नहीं काटना मुझको भाई।।	(य) नहीं काटना मुझको भाई।।
6. मेरी जड़ी-बूटियाँ लेकर।	(र) जन-जन में जीवन रस भरती।।

■ शुद्ध उच्चारण कीजिए:

जड़ी-बूटियाँ सुस्ताना जीवन-रस बूढ़े-लड़के खुशियाँ

■ इनके उत्तर लिखिए:

1. 'नहीं काटना मुझको भाई, मैंने तुम्हें छाँह पहुँचाई' किसके द्वारा व किसे कहा जा रहा है? यह पंक्ति पेड़ द्वारा उसको काटने आये लोगो को कहा जा रहा है।

2. पेड़ हमें क्या-क्या देते हैं?

पेड़ हमे छाया, ठंडी हवा, जड़ी-बूटियों, फल-फूल इत्यादि देते हैं।

3. पेड़ जन-जन में जीवन रस किस प्रकार भरते हैं?

पेड़ हमे ठंडी हवा देते है जिससे हमारे जीवन मे जीवन रस मिलता है।

4. जड़ी-बूटियाँ किस काम आती हैं?

जड़ी-बूटियों से वैद्य-हकीम दवाईयां तैयार करके मानव जीवन का कल्याण करते हैं।

5. 'मुझे उगाओ अपने पास, पूरित हो जीवन की आस' से क्या अभिप्राय है?

इस पंक्ति से अभिप्राय है कि हमे अपने आस-पास पेड़ पौधो को लगाना चाहिये जिससे हमे छाया, आक्सीजन, शुद्ध हवा और जीवन रस मिल सके।

भाषा की बात

(क) इनके तीन-तीन पर्यायवाची लिखिए:

1. पेड़ — तरु — वृक्ष — पादप
2. सूरज — रवि — सूर्य — दिनकर
3. हवा — पवन — वायु — समिर

(ख) वाक्यों में प्रयोग कीजिए:

1. जड़ी-बूटियाँ — वैद्य-हकीमों की दवाईयां जड़ी-बूटियों से बनती हैं।
2. भलाई — हमें लोगों की भलाई करनी चाहिये।
3. सुंदरता — व्यक्ति की सुंदरता चेहरे से नहीं उसके व्यवहार से होती है।

(ग) विशेषण चुनकर लिखिए:

1. मीठे फल वह मेरे खाता। — मीठे
2. भला आदमी भलाई करेगा। — भला
3. ठंडी हवा हमीं से चलती। — ठंडी
4. बीमार आदमी को मत सताओ। — बीमार
5. संपन्न लोग सबकी सहायता करें। — संपन्न



(घ) सही विकल्प के सामने लगाइए:

1. 'हकीमों के घर दवा बनती है। 'यहाँ संज्ञा हैं-
   (अ) हकीम, घर [✓] (ब) हकीम, घर, दवा [ ] (स) बनती है [ ]
2. 'सूरज ऊपर चढ़ जाता है। यहाँ संज्ञा है-
   (अ) सूरज [✓] (ब) ऊपर [ ] (स) जाता है [ ]
3. 'नहीं काटना मुझको भाई'। यहां संज्ञा है-
   (अ) नहीं [ ] (ब) मुझको [ ] (स) भाई [✓]
4. 'ठंडी हवा हमीं से चलती' में संज्ञा है-
   (अ) ठंडी [ ] (ब) हवा [✓] (स) हमीं [ ]

कुछ करने की बात

(क) पर्यावरण में वृक्षों का योगदान बताइए, कक्षा में चर्चा कीजिए।

(ख) वृक्ष हमारी किन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं? कक्षा को बताइए।

(ग) 'यदि वृक्ष होंगे तो प्राणीजगत पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा? पता करके कक्षा में चर्चा कीजिए।